# अनुपस्थित चिकित्सकों पर कार्रवाई के निर्देश

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया, कबाड़ हटाने के निर्देश दिए

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को जमीनी स्तर पर परखने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया. अचानक अस्पताल पहुँचीं कलेक्टर ने एक ओर जहाँ मरीजों और नवजातों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई, वहीं दूसरी ओर लापरवाही बरतने वाले स्टाफ और अव्यवस्थाओं पर कड़ा रुख अख्तियार किया.**




कलेक्टर ने अस्पताल के ओटी, इमरजेंसी, आईसीयू, एचडीयू और एसएनसीयू सहित जनरल, पीडिया वार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया. एसएनसीयू और पीडिया वार्ड में कलेक्टर का ममतामयी रूप देखने को मिला. उन्होंने भर्ती नवजात शिशुओं को दुलारा और उनके स्वास्थ्य के संबंध में डॉक्टरों से चर्चा की. प्रसूति वार्ड में उन्होंने महिलाओं से चर्चा कर अस्पताल में मिल रहे उपचार, नि:शुल्क दवाइयों और भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिए कि प्रसूताओं को शासन की योजनाओं का लाभ मिलने में कोई देरी नहीं होनी चाहिए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि अस्पताल के कुछ कोनों में अनुपयोगी सामग्री जमा है. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुपयोगी सामग्री को तुरंत निष्कासित करें.

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रति माह नियमित रक्तदान कैंप आयोजित किए जाएं. कलेक्टर श्रीमती पाल ने कहा कि चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें. मरीज दूर-दराज से बड़ी उम्मीद लेकर यहाँ आते हैं, यदि कोई भी ड्यूटी से नदारद पाया गया या कार्यों में लापरवाही बरती गई, तो कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं में कोई कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान ड्यूटी रोस्टर के अनुसार डॉ. अमित दुबे स्त्री रोग विशेषज्ञ और डॉ. ललिता पाटिल स्त्री रोग विशेषज्ञ अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए चिकित्सकों को चेतावनी के साथ नोटिस थमाया गया है. उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के भ्रमण के दौरान वार्ड क्रमांक 02 (प्रसूति वार्ड) में शाम के राउंड पर डॉक्टर के उपस्थित न होने का मामला सामने आया था. कलेक्टर द्वारा व्यक्त की गई नाराजगी के बाद संबंधित चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को उपचार मिलने में असुविधा हुई, जो कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही है. संबंधित डॉक्टर से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, सीएमएचओ डॉ आर्य, सिविल सर्जन डॉ आरएस जयंत मौजूद था.

# जल गंगा संवर्धन अभियान का तेजी से कार्य करें अधिकारी : कमिश्नर

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान अति महत्वपूर्ण अभियान है. इस अभियान के अंतर्गत संबंधित विभागों के अधिकारी अच्छी कार्य योजना तैयार कर जल गंगा संवर्धन, जल संरक्षण, जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं.**



कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्य योजना संबंधित विभागों के अधिकारियों को दे दी गई है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग के अधिकारी जवाबदेही के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को जनभागीदारी के साथ कराएं तथा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफ भी पोर्टल में दर्ज कराएं. कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज जल गंगा संवर्धन अभियान की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आगामी वर्षाकाल में सागर संभाग में वृद्ध स्तर पर पौधरोपण का कार्य कराया जाना है. कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग पौधरोपण की तैयारियां करें तथा वर्षाकाल में सागर संभाग के जिलों में वृद्ध पौधरोपण कार्य सुनिश्चित कराएं.



# प्रधानमंत्री के भाषण को सुना

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने सागर कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं गनागरिकों के साथ संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संसद के पटल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का प्रस्तुत होना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है. श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र आज महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम बढ़ा रहा है. यह प्रतिनिधित्व के माध्यम के साथ ही नारी शक्ति के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता और अटूट विश्वास का प्रतीक है.



## कुरैशी समाज का स्वागत

**सागर.** जमीयतुल कुरैश झांसी-ललितपुर से कुरैशी समाज के लोग सागर पहुंचे. जहां उन्होंने राहतगढ़ बस स्टैंड कसाई मंडी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में इज्तिमाई शादी सम्मेलन का आमंत्रण दिया. इस अवसर पर सागर जमीयतुल कुरैश बिरादरी के अध्यक्ष साबिर हुसैन पम्मा कुरैशी के नेतृत्व में अतिथियों का पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में कुरैशी समाज के लोगों सहित और समाजजन उपस्थित रहे.

# साइबर सुरक्षा हेतु स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आर्मी पब्लिक स्कूल, शंकरगढ़ में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया.**




कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात मोहन सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को जानकारी दी गई. वर्ष 2025 में जिला सागर में हुई सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 570 लोगों की मृत्यु होने का उल्लेख किया. दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन न चलाएं, नशे की अवस्था में वाहन संचालन से बचें, चौराहों एवं तिराहों पर ट्रैफिक सिग्नल एवं संकेतकों का पालन करें. कार्यक्रम में साइबर सेल सागर में पदस्थ कुलदीप ठाकुर द्वारा साइबर सुरक्षा के पहलुओं पर जानकारी दी गई.

कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य श्रीमती ज्योति दुबे, सीनियर टीचर राजेंद्र गौतम एवं काउंसलिंग टीचर श्रीमती नेहा मिश्रा की उपस्थिति रही.



# ध्वनि चिकित्सा प्रक्रिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. भारतीय स्त्री शक्ति एवं सिद्धासना एवं जीवन शैली के संयुक्त तत्वावधान में ध्वनि चिकित्सा एवं अभिव्यक्ति प्रक्रिया के प्रशिक्षण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि-शब्दों में शक्ति होती है और ध्वनि में उपचार की क्षमता. जब हम ध्वनि चिकित्सा और अभिव्यक्ति प्रक्रिया को एक साथ जोड़ते हैं. डॉ. प्रतिभा तिवारी द्वारा रचित अध्यात्म प्रतिभा पुस्तक का विमोचन किया गया. मुख्य वक्ता बेंगलौर से उपस्थित नम्रता मेहता ने कहा कि सकारात्मक ध्वनि अपनाइए, और प्रभावशाली अभिव्यक्ति विकसित कीजिए. मुख्य अतिथि श्रीमती सुष्मिता ठाकुर ने कहा कि ध्वनि जब चिकित्सा बनती है तो मन को ठीक करती है.

# महापौर के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी के नेतृत्व में सिटी स्टेडियम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया.**




इस अवसर पर महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक कदम है. यह अधिनियम लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भूमिका प्रदान करेगा. उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर देना ही सशक्त और समृद्ध राष्ट्र निर्माण का आधार है. उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाएं तथा महिला अधिकारों, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए आगे आएं.

इस अवसर पर स्वाति तिवारी, निवेदिता रत्नाकर, संध्या भार्गव, शालिनी तिवारी, प्रियंका उपाध्याय, शिवा ठाकुर, गुंजा ठाकुर, सुष्मिता ठाकुर, अंजलि दुबे, कंचन अग्रवाल, निधि जैन, मोहनी ठाकुर, ज्योति ठाकुर सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं.

# छात्राओं का स्कूल में सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**गौरझामर 16 अप्रैल. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है.**

दसवीं कक्षा से मुस्कान अहिरवार 97%, वंशिका शर्मा 96.6%, कीर्ति विश्वकर्मा 95.6%, नमिता अहिरवार 94%, साक्षी साहू 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है. कक्षा बारहवीं से स्नेहा लोधी 94.6, कुंती लोधी 92, आरती सेन 91.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय व परिवार का मान बढ़ाया. विद्यार्थियों को प्राचार्य श्री लोधी द्वारा सम्मानित किया गया. जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित रहे.

# विपरीत परिस्थितियों में हासिल की बड़ी सफलता

## 95% अंक हासिल कर जैनब अली ने बढ़ाया सागर का मान, समाजजनों ने किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. मप्र की हायर सेकेंडरी के परिणाम घोषित किए गए. महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल नं. 2 की छात्रा जैनब अली ने गणित संकाय से 95% अंक प्राप्त किए हैं.**



इस उपलब्धि पर पीली कोठी दरगाह परिसर में जैनब अली का सम्मान किया गया. इस अवसर पर जैनब को पढ़ाने वाले शिक्षकों के साथ उनका अभिनंदन किया. छठी से आठवीं कक्षा तक पढ़ाने वाले शिक्षक प्रवीण जैन, दसवीं एवं बारहवीं में गणित की कोचिंग देने वाले शिक्षक प्रकाश मिश्रा तथा आरएस चौबे भी मौजूद रहे.

उल्लेखनीय है कि जैनब अली के पिता खालिद अली पेशे से बुलेट मोटर साइकिल के मैकेनिक हैं, उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी.

संचालन डॉ. नितिन कोरपाल द्वारा किया गया. इस अवसर पर विजय बख्शी, एड. राम मनोहर पांडेय, मेहमूद भाई, मो.सलीम, शमीम भाई, डॉ. अमन शेख, दानिश भाई, इकबाल भाई, बलराम श्रीवास्तव, गुड्डू भाई, नासिर भाई मौजूद थे.




# पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण किया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. मकरोनिया में साहित्यकारों ने कवि संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी सागर के स्व. पिता जगन्नाथ प्रसाद श्रीवास्तव की 50 वीं पुण्य-तिथि व स्व. माताश्री श्रीमति शकुंतला श्रीवास्तव की 11 वीं पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण किया. अध्यक्षता प्रलेस जिला इकाई के अध्यक्ष साहित्यकार टीआर त्रिपाठी ने तथा संचालन सतीष पांडे ने किया.**

समारोह में नगर के 90वर्ष की वय प्राप्त साहित्यकारो हरगोविंद विश्व, शुकदेव प्रसाद तिवारी का सम्मान, बेटी संचिता, दामाद राजप्रकाश व नाती रचित जो इसी हेतु थाईलैंड से उपस्थित हुए थे,ने तथा बेटे एड.संकेत, पुत्रवधू शिवाली,पोता संचय व पोती शिविका के सहित आयोजक संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी व उनकी धर्मपत्नि श्रीमती निर्मला श्रीवास्तव ने किया. अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पंडित महेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि श्री विद्यार्थी को अपना धर्म-पिता मानता हूँ.




## मरीज को पहुंचाया झांसी

**ललितपुर.** जिला हॉस्पिटल ललितपुर मे संचालित ए एल एस एंबुलेंस ज्यादा गंभीर रूप से घायल हुए मरीजो को जोकि डॉक्टर द्वारा रिफर किया गया. उनको निशुल्क लेकर मेडिकल कॉलेज झाँसी समय पर पहुंचाती है और समस्त उत्तर प्रदेश मे हायर सेंटर पर मरीजो को भर्ती करवाती है. ए एल एस एंबुलेंस सेवा मेड केयर 365 के द्वारा संचालित की जा रही है. जिला हॉस्पिटल से डॉक्टर ने अशोक कुमार जिसकी उम्र 70 वर्ष है पेट में सूजन होने के कारण और हालत बहुत ज्यादा गंभीर होने के कारण अशोक कुमार को मेडिकल कॉलेज झाँसी रिफर कर दिया था.

# सीहोरा मंडल में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 16 अप्रैल. संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सीहोरा मंडल में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बाबा साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.**



मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने पूरे जीवन में गरीब, वंचित, शोषित और समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया, उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का सपना एक ऐसे समाज का था, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, कोई भेदभाव न हो और हर नागरिक को शिक्षा, सम्मान और अधिकार प्राप्त हों.

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक बाबा साहेब का केवल राजनीतिक उपयोग किया, लेकिन उन्हें वह सम्मान नहीं दिया जिसके वे हकदार थे, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहेब को सच्चा सम्मान दिया है और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जब तक गांव की चैपाल मजबूत नहीं होगी, तब तक लोकतंत्र भी मजबूत नहीं हो सकता। जब तक किसान के खेत में पानी नहीं पहुंचेगा, युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा और गरीब को सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक हमारा प्रयास जारी रहेगा. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोकमन लोधी, भाजपा नेता रणबहादुर सिंह, आशीष तिवारी, उदय सिंह लोधी, महेंद्र अहिरवार, परसोत्तम अहिरवार, ललित अहिरवार, कमलेषा अहिरवार, नरवदा अहिरवार, प्रकाश अहिरवार, रामा अहिरवार, हुकुम अहिरवार, मुन्ना अहिरवार मौजूद थे.



# सशिमं की छात्रा ने हासिल किया प्रदेश में सातवां स्थान

**नवभारत न्यूज**

**रहली 16 अप्रैल. मप्र बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ.**

छात्रा सुप्रिया जैन पिता सुमित जैन ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर 98.6% के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया और जिले में टॉप किया है. इसके अलावा विद्यालय में हर्षित वैरागी 97.8% के साथ द्वितीय स्थान, 96.6 % के अंक लेकर पूनम दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कक्षा द्वादश में नीरज पांडे गणित संकाय से 93.4% प्रथम स्थान, नैनसी विश्वकर्मा ने 92.4% द्वितीय स्थान तथा वैष्णवी सोनी ने 90.4% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. विद्यालय का परीक्षा परिणाम कक्षा दसवीं का 95% एवं बारहवीं का 94% रहा. सुप्रिया रोजाना नियमित रूप से पढ़ाई करती थीं, माता-पिता के अलावा स्कूल में शिक्षकों ने पढ़ाई में सहयोग किया. सुप्रिया ने कहा अब रुकना नहीं है.

# कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 16 अप्रैल. संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर कृष्णा पब्लिक स्कूल तालाब पुरा में नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन के मुख्य अतिथि में एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमचंद वर्मा की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदबी के तत्वाधान में किया गया.**




रामकृष्ण कुशवाहा एड. ने कहा सोई हुई कॉम थी बाबा जगा गया सम्मान से हमें जीना सीख गया फरिश्ता बनकर एक आया था जुगनूअंधेरे और हमें रास्ता दिख गया. महेश नामदेव नकहा घोर तिमर में आकर तुमने ज्ञान दीप उजियार दिया. राधेश्याम ताम्रकार ने कहा क्या हो गई इंसान की हालत न पूछिए जाने कहां से आ गई नफरत ना पूछिए. युवा शायर सर बर हिंदुस्तानीने शहर पढ़ते हुए कहा बड़ा अजीब जिंदगी का सफर लगता है मौत से नहीं हमें जिंदगी से डर लगता है. शील चंद्र शास्त्री ने भी काव्य पाठ किया. महिला शक्ति श्रीमती चांदनी शर्मा ने कहा फूलों सी मुस्कुराती जिंदगी अच्छी लगीउम्र भर के गमों से दो पल भी खुशी अच्छी लगी है.

# यात्री बस का पंजीयन हुआ निरस्त

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. आरटीओ ने खुरई-बीना मार्ग पर 22 यात्री बसों की जांच की गई.**

जांच दौरान 05 यात्री बसों में मौके पर दस्तावेज नहीं, परमिट शर्तो का उल्लंघन, यात्रियों से अधिक किराया वसूली, एचएसआरपी नम्बर प्लेट नहीं, चालक परिचालक निर्धारित गणवेश में नहीं, रेडियम रिफ्लेक्टर टेप नहीं तथा अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा संबंधी उपाय नही होने से उन यात्री बसों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए रू. 20500/- का जुर्माना वसूल किया गया.




समस्त स्लीपर बस संचालकों को पूर्व में एआईएस-119 के अनुरूप वाहन को तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया था. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन कार्ड, टैक्स प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि अनिवार्य रूप से साथ में रखे.

# आईटी भवन-वाणिज्य प्रबंधन भवन का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 16 अप्रैल. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के वैली कैंपस में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने भूमि पूजन कर आईटी भवन और वाणिज्य-प्रबंधन भवन की आधार शिला रखी.**



आई टी भवन में कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा सेंटर भी स्थापित किया जाएगा. गौरतलब है कि ग्राम पथरिया जाट स्थित वैली कैंपस में विश्वविद्यालय के विभिन्न अकादमिक भवनों का निर्माण कर परिसर को विस्तारित किया जा रहा है. इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आगामी समय में अन्य भवनों जैसे बालक-बालिका छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, कन्वेंशन सेंटर आदि का भी निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा.विश्वविद्यालय में कई नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन और कई नई इकाईयों और प्रकोष्ठों के स्थापित होने, विद्यार्थियों को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ अध्ययन-अध्यापन इत्यादि उद्देश्य से परिसर का विस्तार आवश्यक है. कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय ने कहा कि भवन डिजाइन आधुनिक मानकों के अनुसार हैं. ये सभी नए भवन निर्धारित समय सीमा में बनकर तैयार होंगे, विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं के साथ उपयोग हेतु तैयार किये जायेंगे.